## Report on Celebration of Constitution day

शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के राजनीतिक विज्ञान विभाग के द्वारा कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता सर की अनुमति से विभागाध्यक्ष डॉ. शैलजा वासुदेवा के निर्देशन में महाविद्यालय के रूम नंबर 108 में 26 नवंबर 2024 को संविधान दिवस का आयोजन किया गया था।



सभी विद्यार्थी सुबह 11:00 बजे रूम नंबर 108 में पहुंचे। सबसे पहले, विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि, माननीय कार्यवाहक प्राचार्य, संजय गुप्ता सर का तिलक लगाकर कर उनका स्वागत किया। इसके बाद, उन्हें रोजेट लगाकर कर सम्मानित किया।



इसके बाद, मंचसंचालक मुस्कान पठानिया ( तृतीया वर्ष) और किरण कुमारी ( प्रथम वर्ष) ने गुप्ता सर को विद्यार्थियो का मार्गदर्शन करने के लिए मंच पर आमंत्रित किया। उन्होंने संविधान के इतिहास व स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए इसके महत्व के बारे में बताया। उन्होंने समस्त विद्यार्थियों और अध्यापकों को संविधान दिवस के इस अवसर पर संविधान के अनुपालन के लिए शपथ ग्रहण करवाई। । विभागाध्यक्ष डॉ शैलजा वासुदेवा ने अपने वक्तव्य में संविधान के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए इसके महत्व व विशेषताओं पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम में दीपाली ने संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर जी पर स्वयं रचित गीत प्रस्तुत किया, अंजलि ( तृतीय वर्ष ) द्वारा ' तेरी मिट्टी में , विवेक व उदय द्वारा 'मेरा कर्मा तू मेरा धर्मा तू' व 'संदेशे आते हैं' जैसे देशभक्ति गीतों का मधुर गायन किया गया।







संविधान की प्रासंगिकता और महत्व के प्रति विद्यार्थियों के मध्य जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं करवाई गई जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। नारा लेखन में अदिति प्रथम स्थान पर, सुहानी द्वितीय स्थान पर और पलक तृतीय स्थान पर रही। जबकि पोस्टर मेकिंग में हेमंत प्रथम स्थान पर, कृतिका द्वितीय स्थान पर और कशिश तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ अनीता सरोज डॉ अनुपम डोगरा, डॉ मीनाक्षी ठाकुर, प्रो सुनीता कटोच, प्रो पूनम शर्मा ने निभाई। इसके उपरांत मुख्यातिथि द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन विभागाध्यक्ष डॉ शैलजा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।



Principal
SCVB Govt. College
PALAMPUR, ... (H.P.)